

PROF. SANDEEP GULERIA

Prof. Sandeep Guleria, MS. FRCS(Eng.), FRCSED, FRCS (Glas-) FRCPE is a senior consultant transplant surgeon at the Indraprastha Apollo Hospital, New Delhi and leads one of the busiest renal transplant programs in the world. Prof. Guleria was earlier the Professor of Surgery and chief of renal transplantation at the All India Institute of Medical Sciences, New Delhi.

2. Born on January 6, 1962, Prof. Guleria did his MBBS from the University of Delhi and obtained his Masters in Surgery from the All India Institute of Medical Sciences. He got trained further in transplantation in the United Kingdom. He went on to become a consultant surgeon at Europe's largest teaching hospital i.e. St lames's University Hospital, Leeds where he set up a busy live donor renal transplant program. He is among the few surgeons of the world who has been awarded an honorary fellowship of the Royal College of Physicians of Edinburgh.

3. Prof. Guleria is credited with having done the first two successful kidney pancreas transplant in the subcontinent. He was invited by the Government of Nepal to set up a live donor transplant program at the Bir hospital in Kathmandu. He has mentored renal transplant programs in Dehradun, Ludhiana and Guwahati. He has been involved in making transplant affordable and this has included path -breaking trials using generic immune suppression.

4. Prof. Guleria has been the former secretary of the Indian Society of Organ transplantation as well as a member of the Ethics Committee of the Transplantation Society. He is the current Co-editor of the Indian Journal of transplantation and the current President of the Indian Society of Organ transplantation.

5. Prof. Guleria is the recipient of numerous awards. He was awarded the "Luminary award' by the Indian Medical Association in recognition of his contribution to the medical profession and community in 2007. In 2008, the Indian Medical Association awarded him the Exemplary Contribution award. In 2011, the Himachal Jagriti Manch awarded him the Himachal Gaurav. Dr. Guleria has given numerous lectures in India and abroad and was recently involved in formulating international guidelines for the live renal donor in transplantation. He has published more than 113 indexed papers, been honored with six orations.

पद्म श्री

प्रो. संदीप गुलेरिया



प्रो. संदीप गुलेरिया, एम एस. एफ आर सी एस (इंग्लैंड) एफ आर सी एस इ डी, एफ आर सी एस (ग्लासगो) एफ आर सी पी ई, इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली के एक वरिष्ठ सलाहकार परामर्शदाता प्रत्यारोपण सर्जन हैं और विश्व के महत्वपूर्ण गुर्दा प्रत्यारोपण कार्यक्रमों में से एक की अगुवाई कर रहे हैं। आप पहले अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में शल्य चिकित्सा के प्रोफेसर तथा गुर्दा प्रत्यारोपण के प्रमुख थे।

2. आपका जन्म 6 जनवरी, 1962 को हुआ था। आपने दिल्ली विश्वविद्यालय से एम.बी.बी एस किया और अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान से चिकित्सा में पोस्ट ग्रेजुएट किया। आपने यूनाइटेड किंगडाम संस्थान से चिकित्सा में पोस्ट ग्रेजुएट किया। आपने यूनाइटेड किंगडम से प्रत्यारोपण में प्रशिक्षण प्राप्त किया। आप यूरोप के सबसे बड़े शैक्षिक अस्पताल सेंट लेम्स यूनिवर्सिटी हास्पिटल, लीडस में परामर्शदाता सर्जन बने जहां आपने महत्वपूर्ण लाइव डोनर गुर्दा प्रत्यारोपण कार्यक्रम आरंभ किया। आप विश्व के उन चुनिंदा सर्जनों में से एक हैं जिन्हें एडिनबर्ग रायल कॉलेज ऑफ फिजिशयनस की मानद फैलोशिप से सम्मानित किया गया है।

3. आपको उपमहाद्वीप में पहले दो सफल गुर्दा अग्न्याशय प्रत्यारोपण करने का श्रेय दिया जाता है। आपको नेपाल सरकार द्वारा काठमांडू में बीर अस्पताल में लाइव डोनर प्रत्यारोपण कार्यक्रम आरंभ करने के लिए आंमत्रित किया गया। आपने देहरादून, लुधियाना और गुवाहटी में गुर्दा प्रत्यारोपण कार्यक्रमों की अगुवाई की। अपने प्रत्यारोपण को सस्ता करने के प्रयास किए और इसमें जनरल इम्यून सप्रेसन के प्रयोग जैसे अग्रणी प्रयास शामिल है।

4. आप इंडियन सोसाइटी ऑफ आर्गन ट्रांसप्लांटेशन के भूतपूर्व सचिव भी रहे हैं। साथ ही आप एथिक्स कमेटी ऑफ द ट्रांस्प्लांटेशन सोसाइटी के सदस्य भी हैं। आप इंडियन जर्नल ऑफ ट्रांसप्लांटेशन के वर्तमान सह-संपादक हैं तथा इंडियन सोसाइटी ऑफ आर्गन ट्रांस्प्लांटेशन के वर्तमान अध्यक्ष हैं।

5. आपको कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। आपको चिकित्सा जगत तथा समाज में आपके योगदान के लिए 2007 में इंडियन मेडिकल एसोशिएशन द्वारा 'लुमिनेरी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। 2008 में इंडियन मेडिकल एसोशिएशन ने आपको अनुकरणीय योगदान पुरस्कार प्रदान किया। 2011 में , हिमाचल जागृति मंच ने आपको हिमाचल गौरव से सम्मनित किया। आपने विदेशों में और भारत में कई व्याख्यान किया। हाल ही में आप प्रत्यारोपण में लाइव रीनल डोनर पर अंतर्राष्ट्रीय दिशानिर्देश तैयार करने में भी शामिल थे। आपके 113 से अधिक अनुक्रमित पत्र प्रकाशित हैं, पुस्तकों में 12 अध्यक्ष हैं तथा आपको छह अलंकरणों से सम्मानित किया गया है।